कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री पवन पुत्र श्री प्रहलाद रैगर, रैगर मौहल्ला, वार्ड नं0 22, दौसा 303303(राजस्थान)।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा।

अपील सं0 36/2020

दिनांक : 15.09.2020

<u>निर्णय</u>

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1536 दिनांक 27.08.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा ने अपने पत्रांक 694 दिनांक 31.08..2020 एवं संलग्न पत्रादि से अवगत करवाया है कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना पत्र क्रमांक आरटीआई/2020/693 दिनांक 31.08. 2020 के संलग्न कर आवेदक को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रांक 693 दिनांक 31.08. 2020 की छायाप्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा